दिनांक: 08.08.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा – सरकार अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में 750 मेगावाट सौर ऊर्जा और 250 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करेगी।
- राज्य में 13 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा अभियान' आयोजित किया जाएगा।
- विश्व आदिवासी दिवस कल –प्रदेशभर में आयोजित किये जाएंगे विभिन्न कार्यक्रम ।
- प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश का दौर जारी–अगले दो तीन दिन में कई स्थानों पर भारी बारिश के आसार हैं।

000

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा है कि राज्य सरकार अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देकर प्रदेश के किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली देने के लिए तत्परता से काम कर रही है। श्री नागर आज राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में आयोजित राजस्थान अक्षय ऊर्जा बिजनेस प्रमोशन समिट–2024 में अक्षय ऊर्जा से सम्बंधित हितधारकों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मात्र 7 महीनों में कुसुम–सी योजना में 4 हजार 386 मेगावाट के प्रोजेक्टों के एल.ओ.आई जारी कर दिए हैं। इन अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को धरातल पर मिशन मोड में क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के ऊर्जा उपक्रमों की मजबूत साझेदारी से राजस्थान जल्द ही ऊर्जा के क्षेत्र में न केवल

आत्मनिर्भर बनेगा बल्कि अन्य राज्यों को बिजली उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

..................

इस अवसर पर आर.वी.यू.एन तथा गेल इंडिया के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए। इस एमओयू के माध्यम से गेल इंडिया धौलपुर में स्थापित 330 मेगावाट और रामगढ़ में स्थापित 270 दशमलव 5 मेगावाट के गैस आधारित बिजली संयंत्रों को कुशल और उपयुक्त क्षमता पर संचालन के लिए संयुक्त उद्यम के माध्यम से हस्तांतरित करने की संभावनाओं को तलाशने के साथ ही पर्याप्त मात्रा में उचित दर पर गैस की आपूर्ति करेगा। इसके साथ ही, अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में 750 मेगावाट सौर ऊर्जा और 250 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित हो सकेंगी। इसके माध्यम से 4200 करोड़ रूपए का निवेश होगा।

000

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश में 13 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा अभियान' आयोजित किया जाएगा। श्री पंत आज शासन सचिवालय में आयोजित 'हर घर तिरंगा अभियान' की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रारम्भ हुआ 'हर घर तिरंगा अभियान' प्रत्येक देशवासी को देश के प्रति अपने प्रेम को दर्शाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के तहत प्रदेश भर में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा ट्रिब्यूट और तिरंगा मेलों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को अभियान की तैयारियों की

नियमित मोनिटरिंग करने के निर्देश दिये। बैठक में ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

000

सलूम्बर से भाजपा विधायक अमृतलाल मीणा का आज सुबह हृदयघात से निधन हो गया । उनके पैतृक गांव लालपुरिया सेमारी में पूरे सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री मीणा के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि वे पार्टी के एक कर्मठ कार्यकर्ता थे, जिन्होंने अपने क्षेत्र के विकास के साथ–साथ संगठन को मजबूत बनाने में भी बहुमूल्य योगदान दिया। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने भी श्री मीणा के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। गृहमंत्री अमित शाह ने विधायक अमृत लाल मीणा के देवलोक गमन पर दु:ख जताया है और कहा कि श्री मीणा क्षेत्र के विकास और संगठन को मजबूत बनाने के लिए हमेशा समर्पित रहे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए और उन्होंने परिवार को सांत्वना दी।

000

..................

कल विश्व आदिवासी दिवस है। प्रदेशभर में आदिवासी दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने विश्व आदिवासी दिवस की पूर्व संध्या पर बधाई दी है। श्री बागडे ने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति से निकट से जुड़ा हुआ है। उन्होंने आदिवासी समाज को मुख्यधारा में लाने और उनकी प्रकृति संरक्षण परंपराओं का संरक्षण करते हुए उनकी उन्नति के लिए मिलकर कार्य किए जाने का

आह्वान किया। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जवाहर कला केन्द्र में आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में आदिवासी अंचलों से आने वाले कलाकार विभिन्न कलाओं की प्रस्तुतियां देंगे। केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका जोधावत ने बताया कि विभिन्न आदिवासी कलाओं की प्रस्तुति अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करेंगी। आदिवासी दिवस की पूर्व संध्या पर आज राजकीय महाविद्यालय देवली में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य पूलणमल वर्मा ने आदिवासी समुदाय को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

000

सवाईमाधोपुर में जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने आज निजी स्कूल के विद्यार्थियों के साथ पुलिस ग्राउंड में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने स्कूली विद्यार्थियों को वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए कहा कि पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए पौधारोपण कर उन्हें विकसित करें। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को वृक्षारोपण महाअभियान के तहत कम से कम एक–एक पौधा लगाकर उनकी देखभाल कर प्रकृति संरक्षण में अपनी भूमिका निभाने को कहा। वहीं, सांचौर में भी जिला कलेक्ट्रेट परिसर में कार्मिकों ने पौधा रोपण किया।

000

और अब खबरें पेरिस ओलम्पिक की –

एसटी

पेरिस ओलिंपिक के 13वें दिन आज पुरुषों की 57 किलोग्राम फ्री–स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में भारत के अमन सेहरावत सेमीफाइनल में खेलेगें। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में अल्बानिया के ज़ेलिमखान अबाकारोव को 12–0 से शिकस्त दी। उनका आज रात जापान के रे हुजी के साथ सेमीफाइनल मुकाबला होगा। महिलाओं की गोल्फ़ प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में भारत की आदिती अशोक 10वें और दीक्षा डागर 12वें स्थान पर चल रही हैं। भारत की पुरुष हॉकी टीम कांस्य पदक के लिए खेले जा रहे मुकाबले में आखिरी समाचार मिलने तक स्पेन के खिलाफ़ 2–1 गोल से आगे चल रही थी। भाला फैंक प्रतियोगिता में भारत के नीरज चौपड़ा आज रात पदक जीतने की होड में उतरेंगे। भारत फिलहाल 3 कांस्य पदक जीत कर पदक तालिका में उनहत्तर वें स्थान पर है।

......................

000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से 11 अगस्त को लिपिक ग्रेड–द्वितीय, कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। ये परीक्षा दो पारियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन जयपुर शहर में 84 केन्द्रों पर किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा के लिए कुल 23 हजार 907 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। जयपुर जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलक्ट्रेट में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। नियंत्रण कक्ष कल और परसों सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कार्य करेगा। वहीं, 11 अगस्त को प्रातः 7 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त

कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141–2206699 रहेगा।

0000

प्रदेश के पश्चिमी जिलों में तेज बारिश का दौर थम गया है, लेकिन जयपुर सहित कई पूर्वी जिलों में रुक–रुककर बारिश हो रही है। धौलपुर में बारिश के कारण एक मकान की दीवार ढह गई। इसमें दबने से एक महिला की मौत हो गई। कल देर रात से ही दौसा, करौली, भरतपुर और बारां में भी बारिश हो रही है। वहीं, राजधानी में सुबह से ही रूक–रूक कर बरसात का दौर जारी है। इसके अलावा, अलवर, सवाई माधोपुर, सीकर, झुंझुनू, चूरू, कोटा और झालावाड़ में भी हल्की से मध्यम वर्षा के समाचार हैं। टोंक में आज सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई। जैसलमेर में बादल छाये रहे। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के 9 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने आकाशवाणी को बताया कि प्रदेश में अगले एक सप्ताह बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। वहीं अगले दो तीन दिन में कुछ स्थानों पर भारी बारिश के आसार हैं।

....................

इस बीच राज्य में अब तक सामान्य से उनतालीस फीसदी से अधिक बरसात हो चुकी है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार अब तक 362 दशमलव 7 मिलीमीटर पानी बरसा है। पूर्वी जिलों में 25 प्रतिशत वहीं पश्चिमी जिलों में अब तक 61 फिसदी अधिक वर्षा दर्ज की गयी है।

000